# यूपी में आज स्थापित हो रहीं बड़ी-बड़ी इकाइयां: राजनाथ

## अशोक लेलैंड प्लांट के उद्घाटन पर रक्षामंत्री ने की सीएम की तारीफ

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

अशोक लेलैंड के प्लांट के उद्घाटन के मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश में बढ़ रहे औद्योगिक निवेश की तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह लखनऊ की भूमि है, जो सभी को आसानी से अपने हृदय में जगह देती है और पूरा सहयोग करती है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, जो कभी बीमारू राज्य कहा जाता था, जो गुंडों और अपराधियों के नाम से पहचाना जाता था, आज यहां उद्योग की बड़ी-बड़ी इकाइयां स्थापित हो रही हैं। रक्षामंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि उन्होंने जिस तरह से प्रदेश की कानून-व्यवस्था और औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया है, वह प्रशंसनीय है। आज प्रदेश आर्थिक विकास का पर्याय बन चुका है। यहां राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियां बढ़-चढ़ कर निवेश कर रही हैं। डिफेंस निर्माण के क्षेत्र में भी प्रदेश गोला-बारूद से लेकर एयरक्राफ्ट व ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण कर रहा है।

**18 महीने में शुरू हुई यूनिट :** रक्षामंत्री ने कहा कि इस इकाई की स्थापना में जहां 60 महीने लगने थे, मगर इस प्लांट को रेकॉर्ड 18 महीने में इसे पूरा कर लिया। इसके लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोक लेलैंड और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वीइकल भविष्य का परिवहन है और आने वाले समय में पेट्रोलियम आधारित वाहनों की संख्या धीरे-धीरे कम होती जाएगी। ऐसे में अशोक लेलैंड की यह यूनिट न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश को स्वच्छ और हरित परिवहन के साथ भविष्य की तकनीक के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि दिलाएगी।

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी फरवरी में :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अगली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी फरवरी में होने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि पिछले 8-9 वर्ष में यूपी में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए। इसमें से 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। अगले महीने छह लाख करोड़ के अन्य निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग की जाएगी। पांच लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव अभी पाइपलाइन में और हैं।




सरोजनीनगर स्थित प्लांट में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री के साथ ही डिप्टी सीएम और कई मंत्री मौजूद रहे।

### 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' से निवेश को प्रोत्साहन

प्लांट के उद्घाटन के मौके पर अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कनेक्टिविटी, प्रभावी कानून व्यवस्था और जवाबदेह प्रशासन आज उत्तर प्रदेश की पहचान है जो उद्योगपतियों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। प्रदेश में निवेश के साथ ही इससे बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा। उन्होंने इस परियोजना को धरातल पर उतारने मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्पष्ट नीति और मजबूत नेतृत्व के साथ कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। धीरज हिंदुजा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रक्षा तंत्र की मजबूती और स्थायित्व से देश में निवेश का भरोसेमंद वातावरण बना है।

### एक नजर में

- ■ अशोक लेलैंड के सरोजनीनगर प्लांट में करीब 252 करोड़ का हुआ निवेश।
- ■ इस परियोजना के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 20 फरवरी 2024 को हुई थी।
- ■ ₹15 लाख करोड़ से अधिक निवेश की 16,000 से अधिक परियोजनाओं के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह हो चुकी हैं।
- ■ करीब ₹5 लाख करोड़ से अधिक निवेश वाली 8,300 से परियोजनाएं वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका।

**देशभर में बनेंगे 70,000 से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशन :** कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारास्वामी ने कहा कि सरकार लगातार इलेक्ट्रिक वीइकल परिवहन को बढ़ावा दे रही है। पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत 70,000 से अधिक चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।